PTCUL

पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांक 47 /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/एच–8 दिनांक :03.01.2022

विषय :– अवर अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिकी) (प्रशिक्षु) को 04 सप्ताह का प्रशिक्षण (आवासीय सुविधा एवं भोजन सहित) विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ में दिनांक 10.01.2022 से दिये जाने के सम्बन्ध में।

सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता/
अधीक्षण अभियन्ता/
अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल, ...।

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 में दिनांक 23.12.2021 को योगदान आख्या प्रस्तुत करने वाले नवनियुक्त 40 अवर अभियन्ता (वि0एवंयां0) (प्रशिक्षु) को दिनांक 10.01.2022 से चार सप्ताह का क्लासरूम प्रशिक्षण (आवसीय सुविधा एवं भोजन सहित) विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ–226008 में दिया जाना निर्धारित है। उक्त 04 सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु आपके अधीन नवनियुक्त अवर अभियन्ता (वि0एवंयां0) (प्रशिक्षु) को नामित किया गया है।

इस सम्बन्ध में विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ द्वारा **श्री पी0पी0 सर्राफ, अधिशासी अभियन्ता, मोबाईल नं0–9415608518 एवं श्री सुनील प्रकाश पाल, अधिशासी सहायक, मोबाईल नं0–9648227577** विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ–226008 को कोर्डिनेटर नामित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण हेतु नामित नवनियुक्त अवर अभियन्ता (वि0एवंयां0) (प्रशिक्षु) किसी प्रकार की जानकारी के लिए उक्त अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

विद्युत प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ–कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चारबाग रेलवे स्टेशन से लगभग 13 कि0मी0, आलमबाग बस स्टेशन से लगभग 9 कि0मी0 तथा लखनऊ–एयरपोर्ट से लगभग 3 कि0मी0 दूरी पर सरोजनी नगर, कानपुर रोड पर स्थित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने नियन्त्रणाधीन नवनियुक्त अवर अभियन्ता (वि0एवंयां0) (प्रशिक्षु) को स्वयं की व्यवस्था पर विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ–226008 में दिनांक 10.01.2022 से 04 सप्ताह के क्लासरूम प्रशिक्षण (आवसीय सुविधा एवं भोजन सहित) हेतु अवगत कराते हुए दिनांक 10.01.2022 को प्रातः 09:30 बजे तक **प्रशिक्षण आदेश एवं पहचान–पत्र के साथ** विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ में रिपोर्ट करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। इसके साथ ही यदि नवनियुक्त अवर अभियन्ता (वि0एवंयां0) (प्रशिक्षु) दिनांक 09.01.2022 को सांय 05:00 बजे भी प्रशिक्षण संस्थान में पहुँचते हैं तो उनके लिए भी आवासीय एवं भोजन आदि की व्यवस्था भी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जायेगा।

उक्त अवर अवर अभियन्ता (वि0एवंयां0) (प्रशिक्षु) को नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा।

क्रमशः....2/–

नामित प्रतिभागी भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कोरोना वायरस (Covid-19) के सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत आदेशों/निर्देशों का अनुपालन करते हुए भौतिक दूरी (Physical Distancing), मास्क एवं सेनिटाईजर आदि का प्रयोग करने हेतु भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (औ0सं0)

पत्रांक : /मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/एच–8 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सहायक–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सहायक–निदेशक (परिचालन)/निदेशक (मा0सं0), पिटकुल, देहरादून को निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ।
3. निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल, देहरादून को इस आशय से प्रेषित की पत्र को पिटकुल की बैवसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. अधिशासी अभियन्ता, मुख्यालय भुगतान ईकाई, पिटकुल, देहरादून।
6. श्री पी0पी0 सर्राफ, अधिशासी अभियन्ता, मोबाईल नं0–9415608518 एवं श्री सुनील प्रकाश पाल, अधिशासी सहायक, मोबाईल नं0–9648227577 विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ।
7. सम्बन्धित नामित प्रतिभागियों को इस आशय से प्रेषित कि वह विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ में दिनांक 10.01.2022 से 04 सप्ताह के क्लासरूम प्रशिक्षण (आवसीय सुविधा सहित) हेतु दिनांक 10.01.2022 को प्रातः 09:30 बजे तक अवश्यमेव विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0, सरोजनी नगर, लखनऊ में रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त उनके किसी अभिभावक/व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

(अशोक कुमार जुयाल)
उपमहाप्रबन्धक (औ0सं0)